हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025

04 बेर, भाजी आंवला उठो देव सांवला के उद्घोष के...



08 अमर शहीदों ने तिरंगे के सम्मान को झुकने नहीं ...





## खबर संक्षेप

### पंचायत भवन निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाया

**विदिशा।** तहसील लटेरी के ग्राम निसोबर्री में पंचायत भवन निर्माण के लिए चयनित भूमि से शनिवार को राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। संबंधित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर पंचायत की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। इस कार्यवाही में राजस्व एवं पंचायत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब पंचायत भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया है।

### बीएलओ व पटवारियों को प्रशिक्षण दिया गया

**नटेरन।** नटेरन में शनिवार को निर्वाचन कार्यों की तैयारी के तहत बीएलओ एवं पटवारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं पटवारियों को मतदाता सूची संशोधन, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, सत्यापन कार्य एवं अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने उपस्थित कर्मचारियों से समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनजातीय पखवाड़ा 1 से 15 तारीख तक

**विदिशा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर तक 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस दौरान जनजातीय समाज के योगदान, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और सांस्कृतिक विरासत को स्मरण करते हुए विविध सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। समापन 18 नवंबर को किया जाएगा।

### कैलश टेकरी बोथी घाट पर लगा मेला

**कुरवाई।** ग्राम गिरवासा के पास बेतवा नदी के टापू पर स्थित कैलाश टेकरी बोथी घाट बालाजी धाम में ग्यारस पर्व पर विशाल मेले का आयोजन हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी। पूरे परिसर में भक्ति का माहौल रहा। महंत प्रेमदास त्यागी ने बताया कि यह सिद्धपीठ है जहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है। आसपास के ग्रामों से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय समिति और ग्रामवासी सक्रिय रहे, वहीं प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए।

### सांसद खेल महोत्सव की मशाल का भव्य स्वागत



**ग्यारसपुर।** खेल भावना और उत्साह से भरे माहौल में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव की मशाल गंजबासौदा से यात्रा करते हुए ग्यारसपुर पहुंची। नगर प्रवेश पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, त्यौदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने फूल बरसाकर मशाल का भव्य स्वागत किया। अजय गुर्जर ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 30 अक्टूबर को विदिशा में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्रिकेटर कपिल देव द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रेम नारायण विश्वकर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गांव-गांव पहुंच रही यह मशाल ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को पहचान देने और युवाओं में नया उत्साह जगाने का माध्यम बन रही है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 27 जोड़े एक दूसरे के जीवन साथी बने, 12 का निकाह हुआ










हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत शनिवार को रामलीला मेला परिसर में विवाह एवं निकाह कराए गए।

योजना के तहत पंजीकृत 40 जोड़ों में से 39 जोड़े उपस्थित हुए। जिसमें से 27 जोड़ों का विधि विधानुसार विवाह हुआ और 12 जोड़ों का निकाह मौलवी के द्वारा कराया गया। विवाह संपन्न होने के बाद नव दम्पतियों को विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ व सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक पंकज जैन समेत गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी। इस दौरान मौजूद नव विवाहितों को उपहार भी भेंट किए। जिसमें सभी नवदम्पति जोड़ों को सचिव संगठन की और से दीवार घड़ी और रोजगार सहायक संगठन की और से टिफिन बाक्स भेंट किए गए हैं।

### योजना से सजी दो बेटियों की नई जिंदगी

गंजबासौदा के मजदूर लक्ष्मीनारायण पाल के परिवार में आज खुशियों का माहौल है। उनकी दो बेटियां जयंती पाल और शिवानी पाल का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत विधिवत हुआ। विदिशा के रामलीला मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में दिव्यांग जयंती पाल का विवाह रेवाराम से और शिवानी पाल का विवाह सतीश पाल से मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर पाल परिवार के लिए दोहरी खुशी लेकर आई। जहां पहले आर्थिक तंगी विवाह में बाधा थी, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की इस जनकल्याणकारी योजना ने बेटियों के हाथ पीले करने का सपना साकार किया। समारोह में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद और उपहार भेंट किए। दृष्टिबाधित जयंती पाल, जो बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं, ने मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि शासन की कई योजनाओं से उनके परिवार को निरंतर लाभ मिल रहा है। सचमुच, यह योजना जरूरतमंदों के जीवन नई रोशनी जगाती है।

### पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया जिला स्तरीय समारोह

# मप्र स्थापना दिवस पर विधायक ने किया ध्वजारोहण, छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी



विदिशा। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



विदिशा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र के स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन थे, जिन्होंने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश वाचन किया।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें प्रदेश की संस्कृति, लोकगीत और लोकनृत्य की झलक दिखाई दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण आहार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा सहित जिले के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। विधायक मुकेश टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि 1956 में गठन के समय मध्यप्रदेश कई अभावों से जूझ रहा था। उन्होंने बताया कि 2003 के बाद भाजपा सरकार बनने पर प्रदेश ने तेजी से विकास किया। शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में यह बीमारू राज्य से विकसित राज्य बना और अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। टंडन ने आगे कहा कि 2047 तक देश को सशक्त बनाने के लिए हर परिवार को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और शासन की योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

### छात्रावासों में खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी विभागीय छात्रावासों व आश्रमों में छात्रावास दिवस मनाया गया। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालक समिति सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर खेलकूद, साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुति, आगामी वर्ष की कार्ययोजना निर्माण और पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

### बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन और महिला एवं बाल विकास अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बालिकाओं को बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों की जानकारी दी गई। अरविंद मिश्रा ने सुरक्षा पर उपयोगी सुझाव दिए। छात्रावास अधीक्षिका सुषमा श्रीवास्तव ने शिक्षा व अनुशासन से सशक्त बनने का संदेश दिया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं गर्ल्स कॉलेज में मप्र स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी परेड और शपथ ग्रहण से हुई। छात्राओं ने गीत-नृत्य प्रस्तुत कर सांस्कृतिक छटा बिखेरी। मुख्य अतिथि सुमन सोनी और प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने राज्य प्रेम और एकता का संदेश दिया।

### मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक विभाग में हंगामा

# डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से मारपीट और तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक विभाग में शनिवार को इलाज के दौरान हंगामा खड़ा हो गया।

घर में गिरने से घायल हुई 65 वर्षीय मरीज सुल्ताना बी इलाज के लिए परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची थीं। प्रारंभिक जांच के दौरान चिकित्सक द्वारा ब्लड प्रेशर लेने और होंठ के अंदर आई चोटों की जांच के लिए मुंह खुलवाने का प्रयास किया गया, तभी मरीज के साथ आए परिजन फारुख सहित 8 से 10 लोगों ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से धक्का-मुक्की कर दी और नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट की।

### 1 डॉक्टर 3 नर्सिंग स्टाफ हुआ घायल

इस घटना में एक डॉक्टर और तीन नर्सिंग स्टाफ घायल हो गए। आक्रोशित भीड़ ने आकस्मिक विभाग में तोड़फोड़ मचाई, दवाओं और इंजेक्शन की ट्रॉलियां गिरा दीं, दवाइयां फेंक दीं और अस्पताल का दरवाजा भी तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को बाहर किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक एवं स्टाफ के कार्य में बाधा डाली गई, अन्य गंभीर मरीजों का उपचार प्रभावित हुआ। मरीज सुल्ताना बी को इलाज दिया जा रहा है और उनकी स्थिति सामान्य बताई गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### देवउठनी ग्यारस पर इस्कॉन परिसर में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने किया पारिजात का पौधरोपण

**विदिशा।** देवउठनी ग्यारस के अवसर पर अहमदपुर रोड स्थित विट्ठल पार्क इस्कॉन मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधारोपण किया गया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने श्रीकृष्ण के प्रिय पुष्प पारिजात के पौधे का पूजन कर रोपण किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि पर्यावरण ही जीवन का आधार है, इसलिए हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। पौधारोपण के बाद श्री चौबे ने इस्कॉन मंदिर में श्रीनाथजी के दर्शन कर समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में इस्कॉन पदाधिकारी राधा भाव गौर, देवेंद्र रजक, अमित यादव, हर्ष राजपूत, राजकुमार शर्मा, सत्य जड़िया, रणवीर सिंह राजपूत, दीपक साहू मौजूद रहे।



# अवैध संचालित व स्कूल वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्ती, 19 वाहन नियम विरुद्ध चलते मिले

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले में अवैध रूप से संचालित वाहनों एवं स्कूल बसों पर परिवहन विभाग का सख्त रुख जारी है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को गुलाबगंज एवं गंजबासौदा क्षेत्र में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कुल 19 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए। इनमें से 9 वाहनों से मौके पर ही 74 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया, जबकि शेष 10 वाहनों को निराकरण की प्रतीक्षा में जप्त कर लिया गया है। इनमें से 5 वाहन थाना गुलाबगंज एवं 5 वाहन थाना गंजबासौदा में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। अभियान के दौरान यात्री वाहनों एवं स्कूल बसों में अग्नि सुरक्षा उपकरण, फिटनेस प्रमाणपत्र, चालक-परिचालक के दस्तावेज तथा बच्चों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विशेष जांच की गई। श्री वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यात्रियों की जानमाल की रक्षा के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



चालानी कार्रवाई करते हुए आरटीओ

# एसपी ने दिए खुला पेट्रोल की बिक्री रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक हुई। बैठक में एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, फूड अधिकारी एवं सिविल लाइन थाना प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, नकली नोटों की पहचान, साइबर फ्रॉड से बचाव और रात के समय की सुरक्षा पर विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खुले में पेट्रोल या डीजल की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी तथा किसी भी संदिग्ध वाहन या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को दी जाए। उन्होंने पंप परिसर में पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा गार्ड की तैनाती और सीसीटीवी फुटेज का नियमित बैकअप रखने के निर्देश दिए। साथ ही पंप कर्मचारियों को साइबर ठगी, मोबाइल पेमेंट धोखाधड़ी एवं नकली नोट पहचान संबंधी प्रशिक्षण देकर सतर्क बनाए रखने पर बल दिया। बैठक के अंत में पंप संचालकों ने एसपी द्वारा दिए गए सुरक्षा संबंधी सुझावों में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देते हुए एसपी रोहित काशवानी।

### देवउठनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

# विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों का हुआ श्रीगणेश


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाने वाली देवउठनी एकादशी (प्रबोधिनी एकादशी) का पर्व शनिवार को श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया गया। खाटू श्याम मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिए पहुंची। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया।



4 माह के चातुर्मास के बाद भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागरण के साथ ही विवाह, उपनयन एवं अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई। शहर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान विष्णु का पंचामृत अभिषेक कर तुलसी विवाह की परंपरा निभाई। जगह-जगह धार्मिक आयोजन एवं कीर्तन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। देवउठनी एकादशी को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिली। पूजा-सामग्री, फूल-माला, दीपक एवं तुलसी के पौधों की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और तुलसी माता का विवाह विधिवत सम्पन्न कर पूजा-अर्चना की। पंडितों के अनुसार देवउठनी एकादशी से देवता अपने शयन से जागते हैं, जिससे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग पुनः खुलते हैं। इस दिन तुलसी विवाह का विशेष महत्व होता है।

# अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में ओलम्पस स्कूल ने जीते मेडल



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** द आइवी ग्लोबल स्कूल भोपाल में आयोजित अंतरविद्यालीन प्रतियोगिताओं में ओलम्पस हाई स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक मेडल्स के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और रोलिंग ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिताओं में 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओलम्पस के रेयांश जैन ने कहानी वाचन में प्रथम, लिटिल ओलम्पियंस के हार्दिक रघुवंशी ने द्वितीय और शौर्य भार्गव ने तृतीय स्थान हासिल किया। शोध प्रस्तुति प्रतियोगिता में भूमि रघुवंशी, प्रणाली जैन, वरुधि नेमा, पूर्वी नेमा और परिधि पटेरिया की टीम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य प्रियंका सिंह ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस उपलब्धि पर अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और संचालक मोहित रघुवंशी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5181
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6755
चना
न्यूनतम भाव-4130
उच्चतम भाव- 5470
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6565
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6000
मक्का
न्यूनतम भाव- 980
उच्चतम भाव- 1900
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3170
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-2840
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2407
उच्चतम भाव-2973
बटरी
न्यूनतम भाव- 3000
उच्चतम भाव- 3000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 11344 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अन्नकूट आज

**गंजबासौदा।** जिझोतिया ब्राह्मण समाज का अन्नकूट 2 नवंबर को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक वार्ड क्रमांक 1 रामनगर कॉलोनी में समाज की धर्मशाला में आयोजित किया गया है। जिसके लिए समाज, संगठन द्वारा वरिष्ठ समाजजनों से संपर्क किया गया।

### वार्ड में भूमिपूजन आज

**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2 में विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन रविवार को दोपहर 12 बजे से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, अंशलेखा रोहित भावसार सभापति लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद के आतिथ्य एवं वार्ड पार्षदों की मौजूदगी में आयोजित किया गया है। जिसमें नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

### वेदांत आश्रम में अन्नकूट आज

**गंजबासौदा।** जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में अन्नकूट महोत्सव रविवार को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों से शामिल होने की अपील वेदांत आश्रम महंत हरिहरदास महाराज ने की है।

### तापमान में आई कमी

**गंज बासौदा।** इलाके भर में बारिश होने के बाद सुबह एवं शाम के समय हल्का कोहरा छा रहा है एवं ठंडी हवाएं चल रहीं हैं। जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है। लोग सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं।

# ढाई लाख के नए नोटों से सजे खाटू श्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर रामदेव खाटू श्याम मंदिर में बाबा श्याम का श्रृंगार इस बार किसी फूल या गहनों से नहीं, बल्कि ढाई लाख रुपये के नए नोटों से किया गया। श्याम बाबा के अलौकिक श्रृंगार ने भक्तों को मोहित कर दिया।

मंदिर परिसर में आयोजित हुई श्याम बाबा की भजन संध्या में भोपाल और ललितपुर के कलाकारों ने एक से एक बढ़कर एक श्याम भजनों से समा बांध दिया। खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा के जन्म उत्सव के मौके पर हनुमान चौक मंदिर से श्याम बाबा की निशान यात्रा गाजे



बाजे के साथ नगर में निकाली गई जो कि मुख्य मार्ग से होते हुए बाबा के मंदिर पर पहुंची, जहां उसका समापन हुआ। रविवार को मंदिर परिसर में शाम 7 बजे से अन्नकूट की प्रसादी का वितरण किया गया है। मील रोड वार्ड 13 स्थित खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक पंडित वीरेंद्र दुबे ने बताया कि बाबा श्याम का श्रृंगार भारतीय नई मुद्रा में किया गया जिसमें 500, 200, 100, 50, 20, 10 और 5 के नोटों से सजे बाबा श्याम के इस अनोखे श्रृंगार ने भक्तों का मन मोह लिया।

मंदिर में प्रवेश करते ही श्रद्धालु विस्मित रह गए, सामने बाबा श्याम का वह दिव्य रूप था। जो भक्ति और वैभव दोनों का संगम प्रतीत हो रहा था। नोटों के श्रृंगार को तैयार करने में चार दिन का समय लग गया। हर नोट को सावधानीपूर्वक सजाया गया ताकि बाबा का मुकुट, वस्त्र और आसन पूर्ण रूप से आकर्षक दिखें। जब श्रृंगार पूरा हुआ, तो ऐसा लगा मानो स्वयं धन और भक्ति का देव संगम उतर आया हो। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। "श्याम तेरी जय हो" और "हारे के सहारे श्याम" के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। सुबह 8 बजे हनुमान चौक से निकली भव्य निशान यात्रा ने नगर में उत्सव का माहौल बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालु निशान लेकर भजन–कीर्तन करते हुए मंदिर पहुंचे और बाबा के नोटों से सजे रूप के दर्शन कर भावविभोर हो उठे। शाम को भजन संध्या में ललितपुर और भोपाल के भजन गायकों ने संगीतमयी प्रस्तुति दी। मंदिर समिति ने रविवार को अन्नकूट महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है।

# अनाज के बोरों से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को सुबह के समय कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी के पास अनाज के बोरों से भरा ट्रक क्रमांक आरजे 19 जेई 1177 अनियंत्रित होकर पलट गया। मौके पर मौजूद किसान और स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि की ड्राइवर नशे की हालत में था। जिस कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटते ही ड्राइवर मौके से भाग निकला। ट्रक पलटने से ट्रक में भरे अनाज के बोरे बिखर गए एवं ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बासौदा गुलाबगंज मार्ग पर बेयर हाउस के आगे मोड़ पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

## गन्ने के मंडप सजाकर की भगवान की पूजन अर्चन, दीपोत्सव का हुआ समापन

# बेर, भाजी आंवला उठो देव सांवला के उद्घोष के साथ मनी देव उठनी ग्यारस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को देव उठनी या देव प्रबोधिनी ग्यारस का पर्व इलाके भर में उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस पूजन के साथ ही दीपोत्सव पर्व का भी समापन हो गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने घरों के आंगन एवं छतों पर गन्ने के मंडप सजाकर उसके नीचे भगवान शालिगराम और तुलसी की पूजन अर्चन की और चार माह से शयन में रहे देवताओं को शयन से जागृत होने का आव्हान किया गया। पूजन अर्चन के बाद लोगों ने जमकर आतिशबाजी कर दीपोत्सव पर्व को विदाई दी।

उल्लेखनीय है कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जुलाई माह में देवशयनी ग्यारस के दिन देवताओं का शयन हो जाता है और दीवाली के बाद ग्यारस पर्व पर देवउठनी या देव प्रबोधिनी ग्यारस पर देवता शयन से जागृत होते हैं। ज्ञात हो कि चार माह पूर्व देवशयनी ग्यारस पर देवताओं का





शयन हो जाता है। देवताओं के शयनकाल में सभी मांगलिक कार्य, विवाह आदि वर्जित माने जाते हैं और देव प्रबोधिनी ग्यारस के बाद मांगलिक कार्य, शादी विवाह आदि के मुहुर्त शुरु हो जाते हैं। साथ ही इसी दिन दस दिवसीय दीवाली पर्व का भी समापन होता है। यही कारण है कि इस पर्व को श्रद्धालुओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान को गन्ने के मंडप में बैठाकर उन्हें ज्वार, चने की भाजी, बेर, आंवला, सिंघाडा, गन्ना आदि का भोग लगाया जाता है और उनकी पूजन अर्चन कर परिक्रमा करते हुए उनसे उठो देव बैठो देव पांवडे चटकाओ देव, क्वांरन के ब्याह कराओ देव के उद्घोष करते हुए उनसे शयन से जागृत होने की प्रार्थना की जाती है। इस पर्व को देखते हुए नगर में भी गत दिवस से ही बाजार सज गए थे और जगह जगह गन्ने बेचने वालों के वाहन खडे हो गए थे। जबकि सुबह से ही बाजार में पूजन सामग्री, आतिशबाजी, गन्ने एवं अन्य सामग्री खरीदने वालों की भीड लगी रही और इस कारण बाजार में काफी रौनक नजर आई। शाम को श्रद्धालुओं ने शुभ मुहुर्त में घरों के आंगन एवं छतों पर चौक बनाकर एवं गन्ने के मंडप सजाकर उसके नीचे भगवान शालिगराम एवं तुलसी को विराजमान किया और फिर विधि विधान से उनकी पूजन अर्चन की। इसके बाद परिक्रमा करते हुए उठो देव बैठो देव पांवडे चटकाओ देव, बेर भाजी आंवला उठो देव सांवला के उद्घोष करते हुए देवताओं से शयन से जागृत होने की प्रार्थना की गई। पूजन के बाद बच्चों और बड़ों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए दीपोत्सव के पर्व का समापन किया। इससे पूर्व कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पहुंचकर स्नान किया और भगवान शालिग राम एवं तुलसी विवाह कराते हुए कार्तिन स्नान व्रत का समापन किया।

# चोरों ने की लाखों की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात्रि शहर थाना क्षेत्रांतर्गत पूर्वी रेलवे कॉलोनी दुर्गा नगर में अज्ञात चोरों ने एक आवास को अपना निशाना बनाया। घटना के समय घर के सभी सदस्य कमरों में गहरी नींद में सोये हुए थे। चोर छत के ऊपर से घर के अंदर दाखिल हुए और एक कमरे में रखे हुए आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मकान मालिक को सुबह 4 बजे लगी, उन्होने सभी परिजनों को उठाया और पुलिस को जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा नगर कॉलोनी निवासी विशाल कुशवाह के घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर यहां से आभूषण जिसमें चांदी की पायल, मंगलसूत्र, झुमकी, हार सहित अन्य जेबरात ले गए। चोरी किए गए जेबरात की कीमत लगभग 2 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्रीकृष्ण ने जहां ली शिक्षा, जहां है श्रीराम का वन गमन वह है मध्यप्रदेश




**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश के सत्तरवें स्थापना दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष सेमरी मे प्रदेश की गौरवपूर्ण संस्कृति पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा मध्यप्रदेश की धरा दिव्य एवं अलौकिक है यहीं वो चित्रकूट स्थल है जहाँ त्रेतायुग मे श्रीराम ने वनवास काल व्यतीत किया। यही वो ज्ञान की भूमि है जहाँ द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम उज्जैन में वेदाध्ययन किया। चतर सिंह व पालक शिक्षक संघ उपाध्यक्ष रश्मि पंथी ने ज्ञान का प्रकाश घर घर पहुंचाने का आह्वान करते हुऐ भारत को विश्व गुरू के सिंहासन पर पुनः विराजमान करने का संकल्प दिलाया। अनार बाई लोधी ने गरीबों के भी सभी पर्व, त्यौहार धूमधाम से मने इसके लिऐ अधिकतम सामान गरीब, छोटे दुकानदारों से खरीदने स्वदेशी को बढावा देने, आनलाइन खरीददारी से बचने की बात रखी। मुख्य अतिथि धर्मज्ञ विदुषी यशोदा बाई लोधी ने मध्यप्रदेश का इतिहास बताते हुऐ मध्यप्रदेश को देश का दिल बताया। इस अवसर पर उन्होने महारानी अवंतीबाई लोधी सहित प्रदेश के शहीदों की शहादत को भी याद किया। सोना बाई पंथी ने सभी बच्चों को अपने घर के आसपास भी साफ सफाई रखने की नसीहत देते हुऐ स्वच्छ ग्राम स्वच्छ राज्य स्वच्छ राष्ट्र की बात कही। ऋषिराज लोधी, चाँदनी पंथी, मानसी राजपूत, भावना लोधी, प्रियंका लोधी ने मध्यप्रदेश के सपूतों, शहीद ऐ आजम चंद्रशेखर आजाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं बरकतुल्लाह भोपाली को याद किया।

### सेन समाज ने संत शिरोमणि नामदेव महाराज का जन्मोत्सव मनाया



**गंजबासौदा।** शनिवार को संत शिरोमणि नामदेव महाराज का 755 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से एक समारोह निकाला गया। चल समारोह की अगुवाई घोड़े पर बैठी बालिकाएं कर रही थीं। उसके पीछे बड़ी संख्या में युवा और वृद्धजन, पीछे महिलाएं भक्ति भजन गाती हुई चल रही थीं। चल समारोह राम जानकी मंदिर नामदेव समाज पंडापुरा से प्रारंभ होकर सावरकर चौक, सदर बाजार, सिटी मार्ग, जय स्तंभ चौक, स्टेशन रोड, नौलखी मंदिर और मील रोड से होते हुए पुराना मेला ग्राउंड स्थित नामदेव समाज की धर्मशाला पहुंचा जहां उसका समापन हुआ। इस दौरान कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया। समाज के दशरथ नामदेव ने बताया कि समाज की धर्मशाला के निर्माण के लिए कार्यक्रम में उपस्थित विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने अपनी विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, समाज के पांच अन्य सदस्यों ने भी 1-1 लाख रुपए का योगदान देने की बात कही, ताकि मेला ग्राउंड स्थित पुरानी धर्मशाला की जगह नए भवन का निर्माण जल्द पूरा हो सके। कार्यक्रम के दौरान समाज के अन्य सामाजिक कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# गौमाता की पूजन अर्चन कर खिलाया गुड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीजी गौ अभ्यारण सेवा समिति सागोरिया कस्बा बागरोद में गोपाष्टमी पर्व पर अखंड भगवान नाम कीर्तन एवं 30 अक्टूबर को कीर्तन समापन पर सामूहिक समिति एवं ग्रामीणों द्वारा गौमाता को पांच उपचार विधि से पूजन कर गुड़ खिलाकर गौमाता की आरती, परिक्रमा की एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की अधिकतर गौमाता के सुखी स्वस्थ जीवन पर बैठक कर विचार विमर्श किया गया। यहां पहाड़ पर 8, 10 महीने पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध होता है। जिसमें क्षेत्र की 10000 से अधिक गौवंश सुख से रह सकतीं हैं इस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यकर्ताओं एवं



आसपास के गांव के पटेल को आमंत्रित कर गौमाता के हित एवं विकास में सेवा सहयोग की अपील की गई तथा लोगों को गौ सेवा समिति में सदस्य के रूप में 11000, 5000 रुपए की यथा शक्ति शुल्क के आधार पर वार्षिक सदस्य बनाए गए। जिसमें क्षेत्र के 5 गांव के लोग इकट्ठे हुए और धान के पाले, मक्का की करबी और ग्वालों को मानदेय सम्मान सहमति की व्यवस्था पर चर्चा हुई।

## शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक कक्षा हेतु नवीन संरचना पाठ्यक्रम को महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष 2025-2026 में प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तार से डिप्लोमा एवं एक वर्षीय पीजी, दो वर्षीय पीजी एवं मेजर माइनर के साथ पीजी जानकारी का प्रशिक्षण 27 अक्टूबर से 8 नबम्वर तक प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को बताया गया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रथम एवं दूसरे सेमेस्टर में 22, 22 क्रेडिट अंक तथा तीसरे एवं चतुर्थ सेमेस्टर में भी 22, 22 क्रेडिट के है। जिनमें विज्ञान संकाय में 2 पेपर तथा 2 प्रायोगिक और इंटर्नशिप अप्रेंटिसशिप सेमिनार, डिसर्टेशन रिसर्च प्रोजेक्ट आदि हैं तथा कला संकाय में 4 पेपर 5, 5 क्रेडिट इंटर्नशिप अप्रेंटिसशिप सेमिनार के 2 क्रेडिट कुल 22 क्रेडिट वार्षिक होंगे । शोध प्रबंध 22 क्रेडिट का होगा। इस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश क्रमांक 14 (2)के अनुसार अध्यापन कार्य किया जा सकता है। इस प्रकार प्रत्येक पेपर में 100 अंक जिसमें सैद्धांतिक परीक्षा 60 अंक तथा 40 अंक की सीसीई परीक्षा कुल 100 अंकों की परीक्षा होती है। जिसमें तीन बार सीसीई की परीक्षा के अंक मूल अंक सूची में जोड़े जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से डॉक्टर बीके प्रजापति के द्वारा दी गई तथा डॉक्टर कंचन वैद्य ने अपने विचार रखे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं पीजी एक वर्ष एवं पीजी दो वर्ष की विस्तार से छात्रों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. आरडी जाटव, डॉक्टर साबिया मंसूरी, प्रो. शिवानी गौर, डॉ. सपना श्रीवास्तव, प्रोफेसर मनीष दुबे उपस्थित रहे।

### कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई




**गंजबासौदा।** शनिवार को रात्रि के समय बरेठ रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों बरेठ रोड पर सड़क के बीचों बीच डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। जिससे यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सके एवं जाम से निजात मिल सके। रात्रि के समय एक सफेद रंग की कार का चालक जो शराब के नशे था। चालक कार को तेज गति से ले जा रहा था। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# खेल महोत्सव को लेकर निकाली मशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संसदीय क्षेत्र के खेल महोत्सव का शनिवार को बासौदा विधानसभा में भी मशाल जलूस के साथ शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम मशाल जलूस का प्रारंभ बासौदा नगर मंडल से हुआ। जिसके लिए बासौदा जनपद पंचायत में विधायक हरिसिंह रघुवंशी व सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा की उपस्थिति में एक मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंचीय कार्यक्रम के उपरांत मशाल जलूस प्रारंभ हुआ। मशाल जलूस के लिए एक भव्य रथ तैयार किया गया है। जिसमें मशाल को पूरी विधानसभा में ले जाया गया।

जनपद पंचायत से प्रारंभ होकर मशाल जलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ आईपीएस स्कूल पहुंचा। जहां मशाल को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी को सुपुर्द किया गया। जिसके बाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी खेल महाकुंभ की मशाल को लेकर ग्राम डाबर पहुंचे। जहां उन्होंने खेल महाकुंभ की मशाल को सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा को सुपुर्द की। मीणा इस मशाल को त्योंदा लेकर पहुंचे जहां उन्होंने त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल को यह मशाल सुपुर्द की। मशाल जलूस का समापन खामखेड़ा में ग्यारसपुर मंडल में हुआ। स्वस्थ भारत स्वस्थ युवा की अवधारणा को लेकर विगत दो दिवस पूर्व विदिशा में सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद खेल महोत्सव का प्रारंभ किया था। यह महोत्सव करीब दो माह तक चलेगा जिसमें आठों




विधानसभा के करीब 37 हजार खिलाड़ी अपनी सहभागिता करेंगे। जनजागृति के लिए बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा के पांचों मंडलों में मशाल यात्रा निकाली गई। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, देवेंद्र रघुवंशी, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, राकेश सिंह जादौन, जितेंद्र मैना, महेंद्र लोधी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, त्योंदा मंडल अध्यक्ष रोहित कुर्मी, राकेश खटीक,गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी सहित भाजपाजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### प्रबंध संचालक ने किया विदिशा मंडी का निरीक्षण

**विदिशा।** जिले में सोयाबीन और धान की बंपर आवक के बीच शनिवार को मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने कृषि उपज मंडी समिति विदिशा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मिर्जापुर स्थित नई मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए नीलामी शेड, सीसीटीवी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, केंटीन व भावांतर भुगतान प्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एफएक्यू गुणवत्ता की सोयाबीन की अधिकतम खरीद सुनिश्चित करने तथा किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने मंडी की सुविधाओं को लेकर कई मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि मंडी में जगह की कमी दूर की जाए, छह बड़े कांटे स्थापित किए जाएं, गेटवे भुगतान प्रणाली लागू की जाए तथा साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की व्यवस्थाएं सुधारी जाएं। साथ ही नीलामी प्रांगण अलग से विकसित करने की मांग की गई, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके। व्यापारियों ने पुरानी मांग दोहराते हुए कहा कि मंडी के प्लॉटों के रेट कम किए जाएं, जिससे नीलामी संभव हो सके। इस पर एमडी कुमार पुरुषोत्तम ने स्पष्ट कहा कि प्लॉटों के रेट शासन द्वारा निर्धारित हैं, उन्हें कम नहीं किया जाएगा। मंडी सुविधाओं का विस्तार आवश्यकतानुसार किया जाएगा। वर्तमान में नीलामी नई मंडी में और तौल पुरानी मंडी में होने से किसानों को समय और डीजल की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। पीतलमील से मंडी तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय रहवासी भी परेशान हैं।

# नेत्र, अंग और देहदान के लिए आईजा ने किया डॉ. राकेश भार्गव का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के गौरव वरिष्ठ चिकित्सक मध्यप्रदेश किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ राकेश भार्गव का प्रदेशभर में सबसे अधिक नेत्रदान,अंकदान,देहदान को लेकर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा अपनी टीम ने साथ डॉ राकेश भार्गव का सिरोंज आगमन पर भव्य स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर डॉ राकेश भार्गव ने अपने उद्धबोधन में कहा कि मेरे ही घर में मेरा सम्मान हो मुझे अच्छा नही लगता। लेकिन मेरी जन्मभूमि सिरोंज है और के क्षेत्रवासियो व मेरे शुभचिंतको की दुआओं से ही में पूरे मध्यप्रदेश में किरण फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान,अंकदान,देहदान का कार्य सफलता पूर्ण कर रहा हूं। इसमें मुझे दुआओं के साथ ऐतेहासिक सफलता भी प्राप्त हुई है। लेकिन मेरे अनुभव से मुझे देखने में मिला है कि सबसे ज्यादा नेत्रदान, अंकदान, देहदान जैन समाज के लोगो द्वारा किया गया है। साथ ही में सिरोंज क्षेत्र व प्रदेश वासियों से अपील करता हूं कि नेत्रदान,अंकदान,देहदान के संबंध में अच्छा कार्य करें और आम नागरिको को प्रेरित करे व इस पवित्र कार्य में



अपना योगदान दें। आज मेरा जो सम्मान आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी द्वारा किया गया वह स्मर्णय है और में उनका आभार व्यक्त करता हूं और हमेशा आईजा के सदस्यो द्वारा मेरे मिशन में मेरा सहयोग करते आए है। में सभी का आभारी हूं। इस मौके पर आईजा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ राजीव जैन बंटी,सौरभ जैन गुलाबगंज,नरेन्द्र जैन,आशीष जैन आदि मौजूद रहें।

**हमारी दुनिया व आत्मा की खिडकिया है आंखें** - इस अवसर पर एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि नेत्रदान में मृत्यु के बाद आँखों के कॉर्निया दान किए जाते हैं, जबकि अंगदान में हृदय, फेफड़े, यकृत, गुर्दे जैसे अंग दान किए जाते हैं। देहदान में मृत्यु के बाद पूरे शरीर को मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और शोध के लिए दान किया जाता है। ये सभी दान व्यक्ति की मृत्यु के बाद दूसरों के जीवन को बचाने या बेहतर बनाने के लिए किए जाते हैं। जैसा कि शेक्सपियर ने कहा है कि आंखें वास्तव में हमारी दुनिया और हमारी आत्मा के लिए खिड़कियां हैं। सभी प्रकार के अंधेपन को ठीक करना थोड़ा मुश्किल है लेकिन दृष्टिबाधित अधिकांश लोग सर्जरी और दवाओं की मदद से अपनी दृष्टि वापस पा सकते हैं। आज चिकित्सा विज्ञान उन रोगियों के लिए दृष्टि बहाल करने के लिए पर्याप्त रूप से उन्नत है जो दृष्टि दोष के कारण दिन-प्रतिदिन के जीवन से जूझ रहे हैं। लोग मृत्यु के बाद भी नेत्रदान कर दूसरों की मदद कर रहे हैं।

**अपनी आँखें गिरवी रखना एक नेक कार्य** - वही आईजा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ राजीव जैन बंटी ने कहा कि आंखें तभी दान की जा सकती हैं जब डोनर को उनकी जरूरत न हो, यानी डोनर की मौत के बाद। हममें से जो लोग हमारी मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करना चाहते हैं, उन्हें जीवित रहते हुए उन्हें गिरवी रखने की जरूरत होती है। जब हम जीवित होते हैं, तो उन्हें स्वस्थ रखना महत्वपूर्ण है, ताकि रिसीवर हमारे बाद उनका अच्छी तरह से उपयोग कर सके। अपनी आँखें गिरवी रखना एक नेक कार्य है। यह सुनिश्चित करता है कि आपके न रहने के बाद भी आपकी आंखें किसी और को दुनिया देखने में मदद करती रहेंगी। नेत्रदान शायद सबसे बड़ा दान है और यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। मृतक के नेत्रदान को परिजन किसी व्यक्ति के निकटतम जीवित रिश्तेदार द्वारा अधिकृत किया जाना चाहिए।

**विधानसभा स्तरीय मान्यता प्राप्त**

## प्रमुख राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 147 सिरोंज अंतर्गत विधानसभा स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनितक दलों के सदस्यों में भारतीय जनता पार्टी,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,आम आदमी पार्टी,बहुजन समाज पार्टी आदि उपस्थित रहें। वही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय चौरसिया द्वारा बताया गया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत प्रारंभ गणना चरण घर-घर जाकर 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर प्रारूप मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति प्राप्त करना 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक नोटिस चरण सुनवाई एवं प्रमाणीक्रण 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को निर्धारित है। एसआईआर प्रक्रिया अनुसार बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र ईएफएस वितरण करेगा, मतदाता को अपना नाम या अपने परिजन का नाम पिछले एसआईआर जो वर्ष 2002-2004 में आयोजित हुआ था में मिलान या लिंकिंग करने में मदद करेगें। कोई भी मतदाता या बी.एल.ओ./बी.एल.ए. मिलान/लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डाटाबेस की सहायता ले सकते हैं। बी.एल.ओ. नए मतदाताओं के नाम जोडने के लिए फार्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र करेगें तथा मिलान/लिंकिंग, मतदाता को गणना पत्रक भरने में एवं एकत्र करने में सहायता करेंगें। बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाएंगें। शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति गणना प्रपत्र ऑनलाईन भी भर सकते हैं। बी.एल.ओ. ऐसे मतदाताओं के पहचान करेगें जो मृत हो चुके है, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं या एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत है।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई

**सिरोंज।** कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गईं। वही सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर जोत जलाई गईं। इसमें भाग लेने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

वही वक्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और मौजूद लोगों से उनके आदर्श पर चलने का आव्हान किया गया। सिरोंज नगर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक प्रतिमा



लगाने का प्रस्ताव भी पास किया गया। समाज में एकता लाने पर भी गंभीर चिंतन हुआ।

इसमें जिपं उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी,समाज के ज़िला अध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी,महेश पटेल,राजेश पटेल,लक्ष्मण सिंह कटियार,नवल कुर्मी,भागीरथ कुर्मी सहित समाज के अनेक युवा व वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

## सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव बने डॉ सुब्हान गौरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से सूचना के अधिकार प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव के रूप में कांग्रेस नेता डॉ सुब्हान गौरी को नियुक्त किया गया है। वही पुनीत टंडन के नेतृत्व में इस प्रकोष्ठ की गतिविधियां को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने डॉ सुब्हान गौरी की नियुक्ति पर बधाई दी एव फूलों माला से श्री गोरी का स्वागत किया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर अध्यक्ष इरशाद गोरी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान,गगनेंद्र रघुवंशी,भरत दीप मेहता,अंसार खान,अशोक यादव,विनोद सेन,कमल सिंह यादव,रजत गौंड़,रजी खान,अवध सुंदर शर्मा,फारुक गोरी,खालिद पार्षद,सादिक कुरैशी,अंकित भार्गव,अरविंद नगीना द्वारा नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया।

## भगवान पंढरीनाथ की निकली पालकी यात्रा, जगह-जगह हुआ पादुका पूजन

**रहली** । पंढरपुर में विराजित भगवान पंढरीनाथ की पालकी यात्रा पंढरपुर से शुरू होकर नगर के विभिन्न भागों से होते हुए पंढरपुर पहुंची जहां पालकी यात्रा का समापन होगा पालकी यात्रा का जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान पंढरीनाथ की पादुका का पूजन कर आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर पुजारी अजित सप्रे ने बताया कि एकादशी से पूर्णिमा तक पांचदिवसीय आयोजन पंडलपुर में प्रारंभ हो गया हे,आज भगवान विठ्ठल की चरण पादुका और महालक्ष्मी पालकी यात्रा सहित शोभायात्रा निकाली गई,आज से पूर्णिमा तक भजन कथा का आयोजन संपन्न होगा।

## प्रिंसटन कॉलेज में विद्यार्थी संगम कार्यक्रम का आयोजन

### छात्रों को शील्ड प्रदान कर किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था प्रिंसटन कॉलेज में शुक्रवार को विद्यार्थी संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।

छात्रों का सम्मान कॉलेज की चारों संस्थाओं के स्टाफ सहयोगियों छात्रों की उपस्थिति में कॉलेज के होनहार विद्यार्थियों द्वारा मनोरंजक और प्रेरणादाई प्रस्तुतियां दी गई।

कॉलेज के संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर वरिष्टों ने भी अपने विचार छात्रों के साथ साझा किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को प्रमाण पत्र एवं हुनरबाज छात्रों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खरगोन के बस स्टैंड पर शाम 4 के बाद नहीं होता बसों का आवागमन

### फोन लेन से ग्राम पहुंचने ग्रामीण यात्री भारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम एवं व्यापारिक केंद्र खरगोन के पुराने एनएच 12 बस स्टैंड पर शाम 4 बजे के बाद यात्री बसों के ना आने जाने से बस स्टैंड सुनसान और रात में यात्री गांव घर पहुंचने के लिए एक डेढ़ किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाने मजबूर बने हुए हैं यात्रियों की सुविधा और व्यापार के लिए पूर्व से निर्धारित और चालू बस स्टैंड पर यात्री बसें रोके जाने की मांग जोड़ पकड़ रही है।

पूर्व में भी यात्री बस मालिकों की मनमानी के कारण यात्री बसें नहीं रुकती थी, परंतु ग्रामीण व्यापारियों की मांग पर बस रोकना शुरू होने के बाद फिर से बंद हो गई हैं। यात्री बसें शाम 4:00 बजे के बाद बस स्टैंड पर ना आने से बुजुर्ग महिलाएं स्कूली छात्र-छात्राएं फोरलेन 45 तक जाने आने भारी परेशान हो रहे हैं, जहां पूर्व से बस स्टैंड है उसके आसपास ही दुकान लगी हैं एवं स्कूल भी है। जहां हमेशा ग्रामीणों का भारी संख्या में आना जाना बना रहता है।



**फोर लेन पर नहीं सुविधा**

*शाम 4 बजे के बाद यात्री बसें कस्बे के बस स्टैंड के स्थान पर फोर लेन 45 के किनारे रुकती और आगे बढ़ जाती हैं। फोरलेन 45 पर जहां यात्री बस रुकती हैं वहां यात्रियों के लिए किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है ना कोई छाया है और ना ही जन सुविधाओं की व्यवस्था है यात्री बसों के इंतजार में रात के सुनसान और अंधेरे में खरगोन के यात्री अपने घर आने-जाने भारी परेशान हो रहे हैं।*

# कुछ समय निकली धूप तो किसानों को मिली राहत

**क्षेत्र में पिछड़ रही धान कटाई कार्य में अब आएगी तेजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

लगभग 1 सप्ताह से मौसम की बेरुखी आसमान में बादल छाए रहने के कारण धान कटाई का कार्य पिछड रहा है। शनिवार को बादलों का जोर कुछ कमजोर होने के साथ दिन में धूप छांव बने रहने की स्थिति से किसानों में मौसम साफ होने की उम्मीद जाग उठी है ।क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य जोर शोर से शुरू होने की स्थिति बन रही है।

इसी हफ्ते में बारिश हुई और आसमान में घने बादलों का लगातार डेरा बना रहने से बारिश की संभावना के भय से धान की कटाई का कार्य किसानों द्वारा रोक दिया गया। गीली नमीयुक्त धान की कटाई में नुकसान अधिक होता है। शनिवार को भले ही कुछ देर के लिए धूप निकली तो धान की गीली फसल बालियों में भरा पानी सूखने की स्थिति बन गई। यदि इसी प्रकार दिन में धूप निकलती रही तो गीली फसले सूखने पर धान की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा।

**रवि फसल बोबनी में विलंब**

नवंबर का महीना शुरू हो गया है| अभी नर्मदा क्षेत्र में हजारों एकड़ में धान की फसले कटाई के इंतजार में खेतों में खड़ी हुई है| धान की हाथों से कटाई में भारी



समय लगता है इसी कारण किसान हार्वेस्टरों से धान कटाई को अधिक पसंद करते हैं| पिछले दिनों हुई बारिश और तेज हवा चलने से धान की फसले आड़ी हुई उनकी कटाई के लिए तेज धूप और फसले पूरी तरह सुखी होना जरूरी है|

## किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

### खाद एवं पराली निस्तारीकरण की व्यवस्था हो : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो एवं खरीफ फसलों की पराली निस्तारीकरण की प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाए। जिला प्रशासन के नाम सौंपे ज्ञापन में पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध कार्यवाही न करने की मांग भी की गई। क्षेत्र के पूर्व कांग्रेसी विधायक देवेंद्र पटेल के नेतृत्व में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और किसानों की दो प्रमुख मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम संतोष मुद्गल को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में खरीफ फसलों धान की कटाई का कार्य शुरू हो गया है। किसानों को आगामी फसलों की तैयारी में खेतों को साफ करने में पराली ना जलाए जाने के आदेश से भारी परेशानी आ रही है।

ज्ञापन में कहा कि पराली ना जलाने का आदेश वापस लिया जाए जिससे किसानों को राहत मिल सके। शासन द्वारा पराली निस्तारीकरण की व्यवस्था की जाए।



**यूरिया, खाद की हो समुचित व्यवस्था**

ज्ञापन में कहा कि रवि फसलों की बोबनी का कार्य शुरू हो रहा है। किसानों को समय से बोबनी के लिए पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया खाद मिले इसकी समुचित व्यवस्था की जाए। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ग्रामीण किसानों की उपस्थिति रही।

**राज्यमंत्री पटेल ने सीसीटीवी कैमरा लगाने दी 10 लाख की राशि**

# नगर के 6 प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

लंबे समय से नगर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग बनी हुई थी। व्यापारियों एवं नागरिकों व व्यापारी संघ द्वारा की जा रही मांग को पूर्ण करने की दिशा में क्षेत्र के विधायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने नगर में पुलिस प्रशासन के माध्यम से कैमरा लगाने 10 लाख रुपए की राशि विधायक निधि से देने की सहमति और पत्र लिखा गया।

खबर लगते ही नागरिकों एवं व्यापारियों में हर्ष बना हुआ है कि अब पुरानी मांग राज्य मंत्री पटेल के प्रयासों से पूर्ण होगी

**6 स्थान पर लगेंगे कैमरा**

विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि मिलने पर पुलिस प्रशासन और नगर परिषद द्वारा प्रारंभिक स्तर पर छह प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। जिसमें बरेली कामतोन सीमा पर लगे चौराहे, नया बस स्टैंड, दीनदयाल परिसर चौराहे, नवीन टॉकीज चौराहे, पिपरिया नाका तिराहा और पिपरिया ओवर ब्रिज शामिल है। इसके अलावा भी पुरानी बस्ती के व्यस्त भीड़भाड़ वाले अनेक स्थानों छोटा बाजार, रामलीला मैदान के सामने चौराहा, स्टेट बैंक इत्यादि के पास भी सीसीटीवी कैमरा लगाकर तीसरी आंख से निगरानी किए जाने की मांग बनी हुई है।

**पुलिस करेगी मॉनिटरिंग, नगर परिषद देखेगी रख-रखाव**




**यातायात सुरक्षा में होगा सुधार**

फिलहाल राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के प्रयास और पहल से 6 प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने से घटनाओं की सच्चाई सुरक्षा व्यवस्था के साथ नगर के यातायात में भारी सुधार होगा। पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम से नियंत्रण और दो स्थानों पर ऐलान की व्यवस्था की जाएगी, वहीं नगर पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरों का रखरखाव किया जाएगा।

**इनका कहना है**

नगर परिषद ने विधायक निधि से नगर में सीसीटीवी कैमरा लगने पर रखरखाव एवं संधारण की जिम्मेदारी ली है कैमरा लगने से सुरक्षा और यातायात नियंत्रण में सुविधा होगी एवं स्वच्छता अभियान में भी सहायता मिलेगी।

- **हेमंत राजा भैया चौधरी,** अध्यक्ष नगर परिषद बरेली।

**इनका कहना है**

विधायक निधि से सीसीटीवी कैमरा लगाने 10 लाख की राशि उपलब्ध कराने के लिए राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का धन्यवाद है। कैमरा लगते ही नगर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो जाएगी।

- **कपिल गुप्ता,** थाना प्रभारी बरेली।

## चिड़िया टोल वन परिसर में मनाया मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस

### मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

# अमर शहीदों ने तिरंगे के सम्मान को झुकने नहीं दिया: नरेंद्र पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अभ्युदय मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस समारोह के तहत शनिवार को रायसेन जिला मुख्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। मुख्य कार्यक्रम चिड़िया टोल वन परिसर में आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम पेश किए। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जनपद पंचायत सांची अध्यक्ष अर्चना सुनील पोर्ते द्वारा विधा की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा कन्या पूजन कर उन्हें तुलसी जी के पौधे सौंपे। इसके अलावा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पांडे, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय,भाजपा नेत्री वर्षा लोधी मुरारी लाल सोनी उपस्थित रहे।

चिड़िया टोल वन परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गान और मध्यप्रदेश गान से हुई। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन कमलेश बहादुर सिंह ने किया।






### मप्र विलीनीकरण में शहीदों ने दिया था योगदान : पटेल

स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मप्र स्थापना दिवस की सालगिरह की बधाई दी। जिन लोगों ने अपनी जान की बाजी लगाकर मप्र के विलीनीकरण में शहीदों ने अहम योगदान दिया था। इसीलिए उन्हें आज मैं नमन करता हूँ। तिरंगे झंडे को शहीद रामस्वरूप, मंगल सिंह आदि नबाव हमीदुल्ला की गोली सीने पर खाकर तिरंगे झण्डे के सम्मान को झुकने नहीं दिया। वासुदेव कुटुंबकम के संदेश का बखान किया। आप अपने कुटुंबकम कुल को भी सशक्त बनाएं। समाज को भी सशक्त बनाएं समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की बात कही। समाज बदलना है तो आपसी बातचीत और चर्चा कर बदलना और आचरण में सुधार लाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक बगिया मां के नाम अभियान चलाया। आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाओ विदेशी उत्पाद भारत से भगाओ।

कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने मप्र स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मप्र दिनोदिन तरक्की कर रहा है। वर्ष 1956 में गठन के समय मप्र कई अभावों में जूझ रहा था। 2003 भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेशभर में तेज रफ्तार से विकास हुआ है। सीएम डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र का अधोसंरचना के साथ चहुंमुखी विकास हो रहा है।

### समूह नृत्य की दी प्रस्तुति

इसमें सान्दीपनि हासे स्कूल पाटनदेव के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुती दी गई। रानी दुर्गावती आदिवासी कन्या छात्रावास सैताम समूह नृत्य, सरस्वती विद्यालय की छात्राओं ने बुंदेलखंड के बधाई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसी प्रकार एक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश विकास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को गानों के माध्यम से बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से हुआ। लोन हितग्राहियों को चैक स्वीकृति पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर विकास की नई सौगात

## नीगरी में साढ़े 37 लाख से बनकर तैयार होगा आधुनिक पंचायत भवन

**सिलवानी।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर ग्राम पंचायत नीगरी में ग्रामीण विकास को गति देने वाला एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। शनिवार को ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस मौके पर क्षेत्र के अधिकारी, सरपंच, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

ग्राम पंचायत नीगरी में बनने वाला पंचायत भवन 37 लाख 50 हजार की स्वीकृत राशि से तैयार किया जाएगा। यह भवन 70 बाय 70 फीट के भूखंड पर निर्मित होगा, जिसमें पंचायत कार्यालय, बैठक कक्ष, अभिलेख कक्ष, महिला एवं पुरुष शौचालय, पेयजल की सुविधा, बैठक के लिए विशाल हाल व आधुनिक विद्युत व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी।

## लगातार एक सप्ताह से बिगड़ा मौसम, कटाई में जुटे किसान

### दिन-रात का तापमान भी गिरकर आया नीचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में मौसम लगातार खराब बना हुआ है। कई दिनों से धूप नहीं निकलने और ठंडी हवाएं चलने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश की आशंका को देखते हुए किसान तेजी से धान की कटाई करा रहे हैं ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। खेतों में दिन-रात मजदूर लगे हुए हैं और ट्रैक्टर-थ्रेशर की आवाज़ें पूरे इलाके में गूंज रही हैं। कई किसानों को इस समय थ्रेसर नहीं मिल रही है।

पिछले एक सप्ताह से आसमान में छाए बादल और बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी धान की फसल की कटाई बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। धान भीग जाने से खराब होने की आशंका है। जिन किसानों ने धान कटवा लिया वह बिक्री करने को भटक रहे हैं। फसल को लेकर किसान असमंजस की स्थिति में हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सैकड़ों किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है जिसकी वह कटाई की तैयारी कर रहे हैं। एक सप्ताह से लगातार मौसम खराब बना हुआ है धूप नहीं निकलने से और ठंडी हवाओं ने क्षेत्र ने ठंड बढ़ा दी है अचानक मौसम के मिजाज बदलने से आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया है। रुक रुककर बूंदाबांदी और बारिश हो रही है। पिछले चार दिनों से लगातार मौसम खराब होने और हल्की बारिश से किसान धान की कटाई नहीं करा पा रहे हैं। खेतों में बारिश से भीग रहे धान को लेकर किसान काफी चिंतित हैं।

क्षेत्र में मलखान मीणा, सुरेश साहू, राकेश कुशवाहा, सहित कई किसानों धान का कटान कराकर ट्रालियों से बिक्री करने के लिए राइस मिलों पर ले गए। लेकिन मिलों पर धान का अच्छा भाव नहीं मिल पाया। मनमाने तरीके से खरीद की गई, इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। बादल छाए रहने और बूंदाबंदी होने से फसल में नमी बढ़ गई है। इससे धान का दाना काला पड़ने और खराब होने का खतरा है।

### खबर संक्षेप

#### धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि नामदेव जयंती

**सिलवानी।** संत शिरोमणि नामदेव जयंती पर नामदेव समाज द्वारा नगर के मां विजयासन मंदिर परिसर में भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत संत नामदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, इसके पश्चात हवन-पूजन एवं महाआरती संपन्न की गई। इस दौरान वक्ताओं ने संत नामदेव जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी शक्ति है। आपसी मतभेद भुलाकर समाज के हित में कार्य करने से ही हम आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। कार्यक्रम में कथा व प्रसाद वितरण भी आयोजित किया गया।

#### खाटू श्याम बाबा का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**दीवानगंज।** बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। बाबा सदैव हारे हुए व्यक्ति की मनोकामना पूरी करते हैं। क्षेत्र के दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा से हर साल हजारों भक्त राजस्थान के सीकर में बाबा श्याम के मंदिर खाटू जाते हैं। बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव देवउठनी ग्यारस शनिवार को फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज पर खाटू श्याम समिति द्वारा बड़े धूमधाम से भक्तों ने मनाया। हर साल इस दिन उनके भक्त बड़े धूम-धाम से जन्म मनाते हैं। यहां सातवां वर्ष है, जब खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया गया। इस दिन का उनके भक्त पूरी साल बेसब्री से इंतजार करते हैं।

## खेल स्टेडियम में क्रिकेटरों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खेल परिसर मैदान में अंडर-13, अंडर-18 और अंडर-22 की ट्रायल्स रखी गई थी। जिसमें जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रायल्स और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग लिया। इस ट्रायल्स में उदयपुरा, सिलवानी, बेगमगंज सुल्तानपुर, देहगांव, सलामतपुर, उमरावगंज, मंडीदीप और रायसेन के लगभग 70 क्रिकेट खिलाड़ी इस ट्रायल्स में शामिल हुए। इन्हीं खिलाड़ियों में से जिले की अलग अलग आयु वर्ग की टीम की घोषणा होनी है। जो आगामी माह में इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने जाएगी।



जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजहर कुरैशी, सदस्य मुकेश शर्मा, इरफान ख़ान, उदयपुरा के योगेन्द्र राजपूत, सुल्तानपुर के सौरभ मिरोथे, देवनगर के गौरव ऑड और कई खिलाड़ियों के पैरेंट्स मौजूद थे। जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार के निर्देशन में किए इस ट्रायल के बाद जिले की सभी आयु वर्गों की टीम की घोषणा की जाएगी।

## ग्राम अंबाड़ी में खराब हैंडपंप बना मवेशी बांधने का खूंटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची के ग्राम अंबाडी के ऊपरी सड़क मार्ग पर स्थित हैंडपंप पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, इसकी जानकारी कई बार पीएचई विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक किसी ने भी इसकी सुध नहीं ली है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जब नल-जल योजना के अंतर्गत आने वाली पाइपलाइन से जल आपूर्ति बाधित होती है या बिजली गुल रहती है, तब यही हैंडपंप ही गांव की प्रमुख जलस्त्रोत बन जाता है। लेकिन पिछले तीन महीनों से हैंडपंप बंद होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।



गांव के निवासी बताते हैं कि समस्या की शिकायत कई विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाई गई, परंतु कोई समाधान नहीं निकला। अब हाल यह है कि बंद पड़ा हैंडपंप मवेशियों को बांधने की जगह बन गया है, जिससे साफ-सफाई और सार्वजनिक उपयोग की स्थिति भी बिगड़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग जल्द हैंडपंप की मरम्मत करवाए, ताकि आने वाले दिनों में पानी की समस्या से राहत मिल सके।

## शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलता मुआर हाई स्कूल, फर्श पर बैठकर पढ़ने मजबूर छात्र

### शिक्षा पर पड़ रहा असर, शिकायतों के बावजूद विभागीय उदासीनता बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शिक्षा का अधिकार देश के हर बच्चे को समान अवसर देने का वादा करता है, लेकिन मुआर ग्राम का सरकारी हाई सेकेंडरी स्कूल इस वादे की असलियत बयान कर रहा है। तहसील मुख्यालय सिलवानी से महज छह किलोमीटर दूर स्थित यह विद्यालय प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

विद्यालय में करीब 200 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश को आज भी फर्श पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में न पर्याप्त डेस्क-कुर्सियां हैं, न टेबल और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था। शिक्षा विभाग और जन प्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।



**छात्रों की पीड़ा, हम पढ़ना चाहते हैं, पर नहीं है सुविधा**

विद्यालय पहुंचे हमारे संवाददाता से बातचीत में छात्रों ने कहा हम रोज फर्श पर बैठकर पढ़ते हैं। कई बार कपड़े गंदे हो जाते हैं, पीठ में दर्द होता है, लेकिन कुछ कर नहीं सकते। डेस्क, कुर्सी की मांग कई बार की, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। छात्राओं ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। गीले फर्श पर बैठना असंभव होता है, जिससे कक्षाएं बाधित हो जाती हैं।

### विद्यालय प्रशासन भी बेबस

विद्यालय प्राचार्य संजय शास्त्री ने स्पष्ट कहा कि फर्नीचर की कमी लंबे समय से बनी है। हमने विभाग को कई बार पत्र लिखे, प्रस्ताव भेजे, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। हर साल बोर्ड परीक्षा के समय हमें दूसरे गांवों के स्कूलों से फर्नीचर मंगवाना पड़ता है। परीक्षा खत्म होते ही सब वापस भेजना पड़ता है। उन्होंने बताया कि विकास निधि से केवल 50 छात्रों के लिए फर्नीचर तैयार कराया गया।

## धूमधाम से मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव, 56 भोग किया अर्पण

### कोलकाता की भजन गायिका जानवी शर्मा ने मोह लिया मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में शुक्रवार की रात को खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। आयोजन स्थल पर अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई और बाबा श्याम को 56 प्रकार के छप्पन भोग का अर्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खाटू श्याम सेवा समिति के सदस्यों और भक्तों द्वारा बाबा श्याम की पूजा.अर्चना एवं महाआरती के साथ हुआ। समिति सदस्यों ने भक्तों को पगड़ी पहनाकर एवं रूमाल डालकर पारंपरिक सम्मान किया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया और आकर्षक दरबार सजाया गया। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोलकाता से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका जानवी शर्मा रहीं, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी में हारे का सहारा खाटू श्याम और तीन बाण चलाओ न जैसे भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। उनके साथ उज्जैन के भास्कर पुरोहित और यशी चौरसिया ने भी शानदार भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु नाचते झूमते नजर आए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत ने बाबा श्याम की आराधना की और क्षेत्र तथा देश में सुख-समृद्धि और किसानों की खुशहाली की कामना की।



### देवउठनी एकादशी : गन्ने के मंडप में घर-घर हुआ तुलसी-शालिगराम विवाह

# योगनिद्रा से जागे श्री हरि विष्णु, आज से मांगलिक कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी शनिवार को देवउठनी ग्यारस श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाई गई। घर-घर माता तुलसी और शालिग्राम के विवाह का गन्नों के बीच बनाए मंडप बनाकर आयोजन हुआ। विवाह की खुशी में आतिशबाजी करते हुए पटाखे भी फोड़े गए।

तुलसी विवाह को लेकर सुबह से महिलाएं आंगन की लिपाई-पोताई सहित वृंदावनों का रंग-रोगन कर उन्हें आकर्षक सजाने में लगी हुई थी। घरों के सामने आंगन में महिलाओं, युवतियों द्वारा आकर्षक रंगोली भी सजाई। शाम होते ही तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। तुलसी पूजन के बाद विवाह हुआ और खुशी में पटाखे फोड़े गए। आज से मांगलिक कार्यो की शुरुआत भी हो जाती है।

◆ *धूमधाम से माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का हुआ विवाह, सिद्ध श्रीहनुमान मंदिर पाटनदेव से बैंड-बाजे के साथ निकली बारात, महिलाओं ने गाए मंगल गीत*



### पाटनदेव से निकाली भगवान शालिग्राम की बारात

शहर के पाटनदेव स्थित सिद्ध संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देवउठनी ग्यारस के पावन पर्व पर माता तुलसी संग भगवान शालिग्राम के विवाह का आयोजन रखा गया। भगवान शालिग्राम की बारात नीलेश महाराज के घर पहुंची। यहां दुल्हन बनी माता तुलसी एवं दूल्हा बने भगवान शालिगराम को सजा कर बैंडबाजे के साथ सिद्ध हनुमान मंदिर पाटनदेव से रथ पर बैठाकर ले जाया गया। जहां विधि-विधान से माता पूजन का कार्यक्रम हुआ। यहां पर महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए। माता पूजन में बड़ी संख्यां में महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिला मंडल की गीता दुबे ने बताया कि लगभग 25 से अधिक वर्ष से लगातार जन सहयोग से महिला मंडल द्वारा साल के बारह माह ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।



### नगर व अंचल में भक्तिभाव से मनाई देवउठनी एकादशी

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम व नगर में शनिवार को देवउठनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। सुबह से ही गांव का माहौल भक्ति और उल्लास से भरा रहा। श्रद्धालु महिलाओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीविष्णु और माता तुलसी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर घर-घर आंगनों में गन्ने की मढ़ई सजाई गई और दीपों की रोशनी से पूरा गांव आलोकित हो उठा। संध्या समय भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीविष्णु की आरती की और गन्ने का विशेष भोग अर्पित किया। गांव की गलियों में भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि गूंजती रही। महिलाओं ने तुलसी विवाह का आयोजन किया, जिसमें तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह विधिवत संपन्न कराया। विवाह मंडप गन्ने से सजाया गया, जो समृद्धि और मधुरता का प्रतीक माना जाता है।

## पीएमश्री विद्यालय सेमरा में सेवानिवृत हुई शिक्षिका




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सेमरा में प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती ओमवती आर्य के सेवानिवृत्ति होने पर समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र से संकुल प्रभारियों, प्राचार्यों एवं सभी शिक्षक साथी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

शिक्षिका श्रीमती आर्य को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती आर्य ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "शिक्षक जीवन उनके लिए केवल पेशा नहीं बल्कि समाज निर्माण की एक सतत यात्रा रही है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके शिक्षण काल की समर्पण भावना, अनुशासन और विद्यार्थियों के प्रति मातृत्वपूर्ण व्यवहार की सराहना की।